मेरी आस तू है माँ विश्वास तू है माँ | By Hari Sharma |

मेरी आस तू है माँ विश्वास तू है माँ
मेरी हर खुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

ग़म के थपेड़े ये कैसे सहुँ मैया
एक बार आके माँ तू थाम ले बइयाँ
वरना मैं समझूंगा नाराज़ तू है माँ
मेरी हर खुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

कितनी करूँ कोशिश कोई काम नहीं बनता
दिल पे लगे ज़ख्मो का माँ दर्द नहीं थमता
करदे करम मुझपे मोहताज हूँ मै माँ
मेरी हर खुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

किस्मत मेरी मैय्या क्यों मुझसे रूठ गयी
इसके संवरने की उम्मीद भी टूट गई
कल तक अकेला था पर आज तू है माँ
मेरी हर खुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

नैय्या भंवर में है तुझको पुकारा माँ
सूझे नहीं रास्ता तुझको निहारा माँ
हरी हार नहीं सकता गर साथ तू है माँ
मेरी हर खुशी का अब आगाज़ तू है माँ
दे दे माँ आँचल की छइयां मुझे
लेले माँ बाहों में अपनी मुझे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%b8-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%a4/